# मासिक पत्रिका [जनवरी 2019]

॥ विचार संस्था ॥




हेल्पलाइन नंबर: 6262060333
पता: पुरानी स्टेट बैंक बिल्डिंग,
वर्णी कॉलोनी, सागर, [म. प्र.]



अध्यक्ष: श्री कपिल मलैया
[9009780020]
[Facebook page : Kapil Malaiya Original]




# पदाधिकारी



कार्यकारी अध्यक्ष:
श्रीमती सुनीता जैन



उपाध्यक्ष:
श्री अनुराग जैन



कोषाध्यक्ष:
श्री विनय मलैया



युवा इकाई अध्यक्ष:
कुमारी आकांक्षा मलैया

# वृद्ध आश्रम वासी निकले सैर पर







वृद्ध आश्रम में रह रहे 27 वृद्ध विचार संस्था द्वारा आयोजित पिकनिक पर गए। सबसे पहले वह बालाजी मंदिर गए जहां उन्होंने मिलकर भजन कीर्तन किया। इसके बाद वह मंगलगिरी की पहाड़ी पर गए जहां विचार संस्था ने कुछ दिन पहले 5000 पेड़ों का वृक्षारोपण आयोजित किया था। वहां उन्होंने शुद्ध हवा का आनंद लेते हुए टहलने के बाद भोजन ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के संचालक आषा रानी मलैया, क्रांति जैन, सरोज मलैया, मनोज राय एवं आकांक्षा मलैया थे।

# सागर सुधार, सागर विकास

# मोहल्ला विकास परियोजना

1 दिसंबर 2018 को सागर सुधार सागर विकास अभियान के तहत मोहल्ला विकास परियोजना की शुरुआत हुई ।

मानव विकास अर्थवयवस्था के विकास पर निर्भर करने की बजाए इस बात पर निर्भर करता है की हम जीवन जीने के तरीको को बेहतर बनाये एवं लोगो की सोच और समझ को विकसित करे जिससे स्वयं ही वह अपने अधिकारों को लेकर जागरुक हो जायें और वे इतने सक्षम हों की अपनी आवाज सही ढंग से सही जगह तक पहुंचा सकें। इसी विचारधारा को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना में हम सागर शहर के अलग अलग वार्डो एवं मुहल्लों में ऐसे 100-100 घर चिन्हित करेंगे , जिनमे हम लोगो के जीवन में बदलाव लाने में मददगार हो सकतेहम निरंतर छोटे-छोटे कदम उठाकर लम्बे समये में  बड़ा विकास का कार्य कर सकते है ।

उन 100 घरो में हमारे 11 स्वयं सेवको का दल विचार द्वारा चयनित किए विभिन प्रकल्पो पर लोगो की जागरूकता बढ़ाने एवं सही दिशा निर्देश देने का कार्य करेंगे।हफ्ते में 2 दिन ये 11 स्वयं सेवक उन परिवारों से मुलाकात करके उनसे वार्तालाप करेंगे, उनकी जीवन शैली को समझेंगे एवं उन्हें जानकारी देंगे। हर स्वयं सेवक 100 घरो के समुह में से अपने 10 घर चिन्हित कर उन घरो से लगातार हर हफ्ते (हफ्ते में 2 बार ) मुलाकात कर उसमे आत्मिक जुड़ाव बढ़ाएंगे एवं यह पुष्टि करेंगे की उनकी दी हुई जानकारी का उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और वे उसका पालन अपने रोजमर्रा के जीवन में नियमित रूप से कर रहे है या नहीं ।

इस पूरी परियोजना के दौरान कोई भी स्वयं सेवक किसी प्रकार की बुराई या आलोचना नहीं करेगा | यह प्रमुख नियम है जिसका सभी को पालन करना हैं। समस्याओ को सुनना हैं, उन पर चर्चा नहीं करनी हैं ।

# मोहल्ला विकास परियोजना से जुड़े सभी सदस्यों का उन्मुखीकरण









30 नवंबर 2018 को सभी सदस्यों को मोहल्ला विकास परियोजना से संबंधित जानकारी दी गई। सदस्यों को आने वाले 2 सप्ताह में कराई जाने वाली गतिविधियों के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके बाद की गतिविधियों के लिए सभी को यह अवगत कराया गया कि समय-समय पर उन्हें टीम कोऑर्डिनेटर के जरिए विचार संस्था द्वारा संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इस उन्मुखीकरण के साथ 24 मोहल्लों में विचार संस्था द्वारा किए जाने वाले विकास के कार्य की नींव रखी गई।

# मोहल्ला विकास परियोजना के अंतर्गत कार्यरत टीमों व उनके कोऑर्डिनेटर के नामों की सूची इस प्रकार है:

| कं. | मोहल्ला का नाम | कोआर्डिनेटर का नाम |
|---|---|---|
| 1. | सदर | संतोष मिथोरिया |
| 2. | बसिया भान्सा | राहुल प्रजापति |
| 3. | काकागंज | अनुराग विश्वकर्मा |
| 4. | राजीव आवास योजना बाघराज | नितिन जैन |
| 5. | स्टेशन के सामने | धवल कुशवाहा |
| 6. | विट्ठल नगर | देवेन्द्र वर्मा |
| 7. | राजीवनगर लहदरा नाका भगतसिंह वार्ड | तुलसीराम प्रजापति |
| 8. | बड़ा करीला | सरीता गुरू |
| 9. | पगारा रोड़ भाग्योदय नगर | शशि यादव |
| 10. | गुरू गोविंद सिंह वार्ड | देवेन्द्र वर्मा |
| 11. | इतवारी टौरी पायगा | क्रांति दीदी |
| 12. | सूबेदार वार्ड भरका रोड | राजकुमारी पवार |
| 13. | मछरयाई | रामकुमार राय |
| 14. | अप्सरा टाकीज के बाजू में तुलसीनगर वार्ड | लक्ष्मी गुप्ता |
| 15. | ग्राम सैलेरा | अरविंद यादव |
| 16. | संजय नगर शिवाजी वार्ड | आलोक जैन |
| 17. | कृष्णगंज | कमलेश प्रजापति |
| 18. | कसाई मंडी राहतगढ़ बस स्टैण्ड | अजय विश्वकर्मा |
| 19. | ग्राम पगारा | सोनू यादव |
| 20. | भगवानगंज | प्रमोद नगेले |
| 21. | सिंधी कैंप | सन्तू पोटवानी |
| 22. | महेन्द्र मिल के पीछे | नीलू सागर |
| 23. | संत रविदास वार्ड | मनीष साहू |
| 24. | पुरव्याऊ टौरी | अनुराग विश्वकर्मा |
| 25. | होटल सागर सरोज के बाजू में | बंटी श्रीवास |

# मोहल्ला विकास परियोजना- जन संपर्क













**मोहल्ला विकास परियोजना के तहत 2000 से अधिक घरों में संपर्क किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने अपने 10-10 घरों में जाकर अपना परिचय दिया और इस परियोजना के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा चिन्हित घरों में रह रहे परिवार वालों की जानकारी भी ली।**

# मोहल्ला विकास परियोजना- स्वच्छता के 10 सूत्र










परियोजना से जुड़े दो हजार से अधिक परिवारों में स्वच्छता के 10 महत्वपूर्ण सूत्रों की जानकारी पहुंचाई गई। इन सूत्रों में कुछ ऐसी बातें शामिल है जो सभी को मालूम होते हुए भी रोज़ की दिनचर्या में उतर नहीं पातीं। इसके अलावा कुछ ऐसी जानकारी भी है जो सुनने में तो मामूली लगती है पर अति महत्वपूर्ण है, जैसे कि, हाथ को उल्टा रखकर छींकना।

# मोहल्ला विकास परियोजना- भारत का नक्शा




माह के तीसरे रविवार को चिन्हित परिवारों के बच्चों को खेल खेल में भारत के नक्शे की जानकारी दी गई। पहले बच्चों को सभी राज्यों के नाम याद कराए गए तो बाद में खाली नक्शा दिखाकर उनसे राज्यों के नाम पूछे गए। लंगड़ी दौड़, टॉम एंड जैरी जैसे मजेदार खेलों के साथ बच्चों ने एक रोचक ढंग से शिक्षा प्राप्त करने का मौका पाया।

# मोहल्ला विकास परियोजना- महावारी संबंधित जागरूकता







मोहल्ला विकास परियोजना के अंतर्गत ग्राम सिलेरा को-ऑर्डिनेटर श्री अरविन्द यादव की टीम ने महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के महत्व को बताया एवं पैड वितरित किये। महिलाएं अधिक से अधिक सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करें इसके लिए फाउंडेशन द्वारा उन्हें ढाई रुपए में पैड प्रदान करने की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।

# विचार संस्था भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब द्वारा स्वच्छता पर जानकारी दी गई












**भारतीय स्टेट बैंक महिला क्लब द्वारा शासकीय कन्या विद्यालय (सुभाष नगर) में माहवारी के विषय पर जानकारी दी गई एवं पैड वितरण किया गया। लड़कियों को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ उन दिनों स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को बोला गया। विचार संस्था द्वारा स्वच्छता पर जानकारी दी गई अथवा स्वच्छता के 10 प्रमुख सूत्रों के पोस्टर प्रदान किए गए।।**

# विचार संस्था द्वारा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन












खुशी के लिए हम धन-दौलत, मान-सम्मान, ना जाने किस चीज के पीछे भागते हैं! पर मजे की बात तो यह है की हंसने के लिए इनमें से किसी चीज की आवश्यकता नहीं! विचार संस्था द्वारा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जहां इंदौर से आए अंतरराष्ट्रीय कवि राजीव शर्मा जी, मुंबई से आए लाफ्टर चैलेंज शो के विजेता वाहेगुरु जी और देवास से आए कुलदीप रंगीला जी ने अपनी कविताओं से सबको हंसा हंसा कर लोटपोट कर दिया!आप सभी इसी तरह हंसते-हंसते जिंदगी का आनंद लेते रहें यह हमारी कामना है!

# विचार संस्था द्वारा निशुल्क शव वाहन संचालन







**दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं! दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप (सागर मेंन) द्वारा प्रदत्त, विचार संस्था निशुल्क शव वाहन का संचालन कर रही है। इससे निम्नलिखित अवसरों पर लोगो की सहायता की गयी है:**

| क्र. | दिनांक | प्रस्थान स्थल | आगमन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 12/1/18 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | शाहपुर जिला सागर |
| 2 | 3/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | काकागंज सागर |
| 3 | 6/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | चावड़ा बामोरी सागर |
| 4 | 7/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | केरवना सागर |
| 5 | 13/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | तिलकगंज सागर |
| 6 | 18/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | मछरयाई सूबेदार वार्ड |
| 7 | 18/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | भगवानगंज सागर |
| 8 | 22/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | सिविललाइन सागर |
| 9 | 22/12/2018 | परकोटा सागर | नरयावली नाका सागर |
| 10 | 23/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | रजवांस सागर |
| 11 | 23/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | बसंत बिहार कालोनी जिला सागर |
| 12 | 25/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | सुरखी जिला सागर |
| 13 | 25/12/2018 | बी. ऍम. सी. अस्पताल | मढिया विट्ठल नगर सागर |

# महिलाओं के लिए निशुल्क कंप्यूटर व मोबाइल प्रशिक्षण





विचार संस्था द्वारा निरंतर महिलाओं को निशुल्क कंप्यूटर व मोबाइल प्रशिक्षण देने का अभियान चलाया जा रहा है। आप भी इस अभियान का हिस्सा बने और इस कंप्यूटर के योग में अपने आप को कंप्यूटर की जानकारी ले सशक्त बनाएं।

# नेकी का घर











वर्णी कॉलोनी में पुरानी स्टेट बैंक की बिल्डिंग में स्थित विचार कार्यालय में एक नेकी का घर है। इस अनोखे घर में आप अपनी ऐसी वस्तुएं रख सकते हैं जो आपके उपयोग की नहीं है और जरूरतमंद लोग उन्हें वहां से ले जा सकते हैं। इसी प्रकार संजय पटेल नामक युवक जो की अति गरीबी रेखा के दायरे में जीवन यापन करता है बाद्य यन्त्र बजा सकता है जिसके चलते नेकी के घर में रखी वीणा वादिनी को इस युवक ने ले जाकर अपनी व अपने परिवार की रोज़ी रोटी का जरिया खोजा

# बच्चों द्वारा बनाए ग्रीटिंग भारत के सैनिकों तक पहुंचे

**Lt Col Paramjeet Singh**
**Second-in-Command**

12वीं बटालियन दि महार रेजिमेन्ट
पिन–911512
द्वारा 56 ए पी ओ
12th Battalion The Mahar Regiment
Pin - 911512
C/o 56 APO

12

15 Jan 2005

3657/PRI

24 Nov 2018

**Vichar Sanstha**
**Old State Bank Building**
**Varni Colony, Saugor**
**MP - 470002**

Dear Sir,

1. We have received your letters and cards conveying Diwali greetings from you. The Diwali wishes cards have been read out to all the Officers and Jawans of The 12th Battalion, The Mahar Regiment. We are indeed very grateful for your kind gesture.

2. Our unit is presently deployed in highly active field area in Kargil Sector of Jammu and Kashmir and has participated in all major wars since independence including Op Vijay (Kargil). These small yet thoughtful tokens of love and affection go a long way in ensuring that the Jawans posted away from their families at extremely difficult locations are even more motivated to serve our country with '**zeal and vigour**'.

3. Please express our gratitude to all your members and we wish them well in all their future endeavours.

With Warm Regards.

Paramjeet

# वस्त्र व कंबल वितरण









बढ़ती ठंड को देखते हुए एवं जरूरतमंदों के आवाहन पर विचार संस्था ने आज फिर एक बार नागेश्वर मंदिर, भूतेश्वर मंदिर एवं स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर कपड़े व कंबल वितरित किए। इस नेक कार्य में आकांक्षा मलैया, मनोज राय, संतोष यादव, एवं विचार के अन्य सदस्य शामिल थे।

# मंगलगिरी का सार्थक वृक्षारोपण









**श्री मंगलगिरी तीर्थ क्षेत्र में आप सभी ने और हमने मिल कर जो 5000 वृक्ष लगाये थे उनमे फूल निकल आये जिसकी आप सभी को बहुत बहुत बधाई!!**

# बच्चों को दी गई कैरियर की सही जानकारी: प्रोजेक्ट 'अनावरण'








एम्मानुएल हायर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे 'अनावरण' प्रोजेक्ट को अब 3 माह पूरे हो चुके हैं। इस प्रोजेक्ट में विगत हर शनिवार को विचार संस्था के यूथ विंग द्वारा 11 वीं कक्षा के छात्रों को अलग-अलग विषयों पर जानकारी दी जाती है। अब तक बच्चों को पर्यटन, कला, ऑडियो / वीडियो प्रौद्योगिकी/ संचार, बिक्री, वितरण, विनिर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, खाद्य और प्राकृतिक संसाधन, स्वास्थ्य विज्ञान, व्यापार प्रबंधन और प्रशासन, वित्त, कानून, मानव सेवा, सुरक्षा, लोक प्रशासन, शिक्षा और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गयी।

इस परियोजना में कुलजोत कौर गुरोन, अभिलाषा जाटव, सिमरन छत्तरी, वैशाली प्रजापति, शुभम राय, रितिक जैन, अक्षत जैन, कृतिका सेलट, कृति मलैया, हर्ष उपाध्याय, याशिका दुबे, मिनाज सिद्दीकी और श्रेष्ठ चौरसिया शामिल हैं।

# विचार ब्लड बैंक



विचार संस्था द्वारा अचानक आवश्यकता पड़ने पर 5 नवंबर और 19 नवंबर को मरीजों को रक्त दिलवाया गया। रक्त धीरेंद्र राजपूत और रामअवतार पटेल द्वारा प्रदान किया गया।

# संजीवनी बाल आश्रम विजिट



संस्था की टीम ने संजीवनी बालाश्रम जाकर वहां के बच्चों को स्वच्छता के 10 सूत्रों का पालन करने का महत्व समझाया।

# निशुल्क जांच व दवा वितरण



डॉ शैफाली मलैया सप्ताह में 6 दिन (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार) 11 से 1 बजे के बीच विचार कार्यालय में मरीजों की निशुल्क जांच करती हैं। इस माह में की गई जांच की सूची इस प्रकार है:

| क्र. | दिनांक | मरीजों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1/12/18 | 5 |
| 2 | 3/12/18 | 4 |
| 3 | 5/12/18 | 5 |
| 4 | 6/12/2018 | 5 |
| 5 | 7/12/2018 | 3 |
| 6 | 8/12/2018 | 3 |
| 7 | 10/12/2018 | 4 |
| 8 | 11/12/2018 | 3 |
| 9 | 12/12/2018 | 3 |
| 10 | 13/12/2018 | 3 |
| 11 | 14/12/2018 | 3 |
| 12 | 17/12/2018 | 2 |
| 13 | 18/12/2018 | 2 |

# विशेष योगदान

**मोहल्ला विकास परियोजना के तहत निम्नलिखित टीमों ने विशेष काम किया:**




**मोहल्ला विकास परियोजना से जुड़े युवा को ऑर्डिनेटर श्री अनुराग विश्वकर्मा जी ने काकागंज मोहल्ले में 100 घरों के स्थान पर 107 घरों की जिम्मेदारी लेकर विचार संस्था द्वारा हास्य कवि सम्मेलन के आयोजन में उन्हें विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।**




**मोहल्ला विकास परियोजना से जुड़े युवा को ऑर्डिनेटर श्री देवेंद्र वर्मा जी ने विट्ठल नगर मोहल्ले में अपनी मजबूत 11 सदस्यीय टीम के साथ सुचारू गतिविधियों को संचालित व् क्रियान्वित किया उनके इस अहम् योगदान के लिए विचार संस्था द्वारा हास्य कवि सम्मेलन के आयोजन में उन्हें विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।**




**मोहल्ला विकास परियोजना के अंतर्गत नारी शक्ति की परिचायक को ऑर्डिनेटर श्री मति शशि यादव जी पगारा रोड भग्योदय नगर की टीम ने 100 घरों की जिम्मेदारी लेकर 2 दिवस के अंदर 93 घर चिन्हित कर व् योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित कर विचार संस्था द्वारा हास्य कवि सम्मेलन के आयोजन में उन्हें विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया।**

# VICHAR SANSTHA

विचार की दैनिक रिपोर्ट व गतिविधियों की जानकारी के लिए
देखे हमारा फेसबुक पेज: @Vicharsanstha

व्हाट्सएप पर जानकारी पाने के लिए इस नंबर को सेव करें व
इस पर अपना नाम लिखकर व्हाट्सएप मैसेज करें:
+91 7067431370

## हमारे सागर सुधार सागर विकास अभियान से जुड़ने के लिए संपर्क करें:

## नितिन पटेरिया: +91 9009780042
## राहुल सराफ: +91 8109969097

विचार की अन्य गतिविधियों से जुड़ने के लिए संपर्क करें:
आकांक्षा मलैया: 9165422888
प्रीति लोधी: +91 7067431370